भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3049
18 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना

†3049. श्री यूसुफ पठानः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में बेघर लोगों की संख्या की गणना की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और शहरी और ग्रामीण बेघर लोगों की लिंग-वार और आयु-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना (एसयूएच) के अंतर्गत इसकी शुरुआत से लेकर अब तक वर्ष-वार बनाए गए आश्रय गृहों का ब्यौरा क्या है और इनकी संख्या कितनी है; और

(घ) उक्त आश्रय गृहों में वर्तमान में लिंग-वार और आयु-वार कितने लोग रह रहे हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ख): भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, देश में कुल 17,73,040 लोग बेघर हैं, जिनमें से 9,38,348 शहरी इलाकों में और 8,34,692 ग्रामीण इलाकों में हैं। बेघर पुरुषों और महिलाओं की कुल आबादी क्रमशः 10,46,871 और 7,26,169 है। जानकारीhttps://censusindia.gov.in/nada/index.php/catalog/5047/download/8124/PCA_HL_2011_Release.xls] पर उपलब्ध है। इस मंत्रालय द्वारा बेघर आबादी का आयु-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

(ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की रिपोर्ट के अनुसार, 30.09.2024 को, दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के शहरी बेघरों के लिए आश्रय घटक के तहत देश

भर में शहरी बेघरों के लिए 1,995 आश्रय गृह चालू थे। वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में है। डीएवाई-एनयूएलएम 30.09.2024 को समाप्त हो गया।

(घ): 'शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना' के परिचालन दिशा निर्देशों के अनुसार, आश्रय गृह का संचालन और रखरखाव संबंधित राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की ज़िम्मेदारी थी। इसलिए, यह मंत्रालय आश्रय गृह में रहने वालों की लिंग और आयु-वार की जानकारी नहीं रखता है।

*****

18 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा प्रश्न संख्या 3049 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I

क्रम संख्या	वित्तीय वर्ष	चालू किए गए आश्रय गृहों की संख्या
1	2014-15	227
2	2015-16	103
3	2016-17	346
4	2017-18	324
5	2018-19	301
6	2019-20	105
7	2020-21	180
8	2021-22	106
9	2022-23	123
10	2023-24	141
11	2024-25 (01.04.2024 से 30.09.2024)	39